# व्यवसाय प्रशासन में स्नातक
# (बी. बी. ए.)

**सत्रीय कार्य**
**2025**

जाँच सत्रीय कार्य की अवधि - 1st जनवरी 2025 से 30th दिसम्बर, 2025

**द्वितीय सत्र**


**प्रबंध अध्ययन विद्यापीठ**
**इन्दिरा गांधी राष्ट्रीय मुक्त विश्वविद्यालय**
**मैदान गढ़ी, नई दिल्ली –1100 68**

**व्यवसाय प्रशासन में स्नातक**

**(बी. बी. ए.)**

**सत्रीय कार्य 2024**

प्रिय छात्र / छात्राओं,

जैसा कि प्रोग्राम गाइड में बताया गया है, आपको प्रत्येक पाठ्यक्रम में एक ट्यूटर मार्क्ड असाइनमेंट करना होगा । हम आपको BCOC-131, BCOC-133, ECO-07 और BRL-113 के सत्रीय कार्य एक साथ भेज रहें हैं ।

जैसा कि कार्यक्रम दर्शिका में स्पष्ट किया गया है, अंतिम परीक्षा में सत्रीय कार्य के लिए 30% अंक निर्धारित हैं। सत्रांत परीक्षा में बैठने योग्य होने के लिए यह आवश्यक है कि समय सूची के अनुसार आप इस सत्रीय कार्य को पूरा करके भेज दें। सत्रीय कार्य को करने से पहले आपको चाहिए कि कार्यक्रम दर्शिका में दिए गए निर्देशों को ध्यानपूर्वक पढ़ लें, जिसे आपके पास अलग से भेजा गया है।

1. वे छात्र जो जून 2025 के सत्रांत परीक्षा में उपस्थित हो रहे हैं, उन्हें 15 मार्च 2025 तक जमा करवाना होगा।
2. वे छात्र जो दिसम्बर 2025 की सत्रांत परीक्षा में उपस्थित हो रहे हैं। वे 15 अक्टूबर 2025 तक जमा करवायें।

आपको सभी पाठ्यक्रमों के सत्रीय कार्य को अपने अध्ययन केंद्र के समन्वयक को प्रस्तुत करना होगा।

## अध्यापक जांच सत्रीय कार्य

| | | |
|---|---|---|
| **पाठ्यक्रम का कोड** | **:** | **बी. सी. ओ. सी. -131** |
| **पाठ्यक्रम का शीर्षक** | **:** | **वित्तीय लेखाकरण** |
| **सत्रीय कार्य का कोड** | **:** | **बी.सी.ओ.सी.-131/टी. एम. ए./2025** |
| **खण्डों की संख्या** | **:** | **सभी खण्ड** |

**अधिकतम अंक : 100**

**सभी प्रश्नों के उत्तर दीजिए।**

### खण्ड – क

**(सभी प्रश्न अनिवार्य हैं। प्रत्येक प्रश्न 10 अंक के हैं)**

**1.** लेखाकरण की गुणात्मक विशेषताएं क्या है ? संक्षिप्त में विवेचना कीजिए। **(10)**

**2.** दोहरा लेखा प्रणाली से आप क्या समझते हैं ? उसकी इकहरा लेखा प्रणाली से तुलना कीजिए। **(10)**

**3.** लेखांकन मानकों से क्या तात्पर्य है ? लेखांकन मानकों को निर्गमित करने की कार्यविधि का वर्णन कीजिए। **(10)**

**4.** निम्नलिखित लेन – देन रोजनामचे में दर्ज कीजिए। **(10)**

| 2018 | | रु. |
|---|---|---|
| जून 1 | अशोक को नकद बिक्री | 18,000 |
| जून 2 | विनोद दे माल ख़रीदा | 10,000 |
| जून 2 | इस माल पर दुलाई (cartage) का भुगतान किया | 200 |
| जून 3 | पुराने अख़बारों की बिक्री से प्राप्त | 100 |
| जून 4 | चेक द्वारा नगरपालिका करों (municipal taxes) का भुगतान किया | 900 |
| जून 4 | मशीनरी की मरम्मत के लिए भुगतान किया | 600 |
| जून 8 | चेक द्वारा कमीशन प्राप्त किया | 1,700 |

**5.** यह मानते हुए कि निलंबित खाता खोला जा चुका है, निम्न अशुद्धियों का शोधन कीजिए।

1. एन्थनी एंड कम्पनी से क्रय लिए गए 8,000 रु. के मूल्य के माल की प्रविष्टि क्रय बही में नही की गई।
2. श्री राय से प्राप्त 500 रु. की रकम को श्री रेय के खाते में क्रेडिट कर दिया गया।
3. गोपाल को किए गए 600 रु. के विक्रय को उसके खाते में 6,000 रु. से डेबिट कर दिया गया।
4. 1,000 रु. के वेतन भुगतान को गलती से मजदूरी खाते में डेबिट कर दिया गया।
5. ब्याज के रूप में प्राप्त 450 रु. को गलती से कमीशन खाते के क्रेडिट पक्ष में दिखाया गया।
6. क्रय वापसी बही (Returns Outword Book) का योग 560 रु. था जिसकी खतौनी लेजर में

नहीं की गई।

7. राकेश को किए गए 250 रु. के उधार विक्रय को गलती से उसके खाते में क्रेडिट कर दिया गया।

8. मधु को किये गये 520 रु. के उधार विक्रय को उसके खाते में गलती से 250 रु. डेबिट कर दिया गया।

9. कैलाश से 400 रु. के उधार क्रय को उसके खाते में डेबिट कर दिया गया।

10. रोकड़ बही के प्रदत्त छूट कालम का योग गलती से 304 रु. के बजाय 403 रु. से आगे ले जाया गया।

## खण्ड – ख

**(सभी प्रश्न अनिवार्य हैं। प्रत्येक प्रश्न 6 अंक के हैं)**

**6.** अवक्रय करार की क्या विशेषताएं हैं। **(6)**

**7.** "प्रेषण ठीक वैसा ही है जैसा कि विक्रय" व्याख्या कीजिए। **(6)**

**8.** भार किसे कहते हैं ? आप इसकी गणना किस प्रकार करतें हैं ? उदाहरण देकर समझाइए। **(6)**

**9.** संयुक्त उपक्रम के मुख्य लक्षण बताइए। इसका प्रेषण से अंतर बताइए। **(6)**

**10.** टैली के घटकों को समझाइए। **(6)**

## खण्ड – ग

**(सभी प्रश्न अनिवार्य हैं। प्रत्येक प्रश्न 5 अंक के हैं)**

**11.** लेखाकरण के कार्यों का संक्षेप में वर्णन कीजिए। **(5)**

**12.** Ind – AS: 101 के क्या अभिलक्षण हैं? व्याख्या कीजिए। **(5)**

**13.** अवक्रय करार के अंतर्गत अवक्रेता के अधिकारों का वर्णन कीजिये। **(5)**

**14.** सामान्य हानि तथा असामान्य हानि में क्या अंतर है ? उदाहरण देकर समझाइए। **(5)**

## अध्यापक जांच सत्रीय कार्य

| | | |
|---|---|---|
| **पाठ्यक्रम का कोड** | **:** | **बी. सी. ओ. सी. -133** |
| **पाठ्यक्रम का शीर्षक** | **:** | **व्यावसायिक सन्नियम** |
| **सत्रीय कार्य का कोड** | **:** | **बी.सी.ओ.सी.-133/टी. एम. ए./2025** |
| **खण्डों की संख्या** | **:** | **सभी खण्ड** |

**अधिकतम अंक : 100**

**सभी प्रश्नों के उत्तर दीजिए।**

### खण्ड - क

**1.** किन्हें अस्वस्थ मस्तिष्क माना जाता है ? ऐसे व्यक्तियों के साथ किए गए अनुबंधों की वैद्यानिक स्थिति बताइए। **(10)**

**2.** "प्रतिफल की अपर्याप्तता महत्वहीन है, लेकिन एक वैध अनुबंध के लिए वैध और वास्तविक प्रतिफल आवश्यक है"। टिप्पणी कीजिए । **(10)**

**3.** अपूर्ण और अस्पष्ट प्रपत्रों संबंधी विधि स्पष्ट कीजिए । **(10)**

**4.** फर्म के विघटन पर हिसाब – किताब का निपटारा करने के संबंध में क्या नियम हैं ? पूर्णरूप से समझाइए । **(10)**

**5.** निक्षेप के आवश्यक तत्वों की व्याख्या कीजिए तथा निक्षेपिती के अधिकार व कर्तव्य बताइए । **(10)**

### खण्ड – ख

**6.** "व्यापार में रूकावट डालने वाला करार व्यर्थ है " । इस कथन की जांच कीजिए, कोई अपवाद हो तो बताइए। **(6)**

**7.** 'शर्त' और 'आश्वासन' की परिभाषा दीजिए तथा उनमें अंतर स्पष्ट कीजिए । **(6)**

**8.** अदत्त विक्रेता की परिभाषा कीजिए । उसके क्या अधिकार हैं ? **(6)**

**9.** विनिमय पत्र, प्रतिज्ञा पत्र और चैक के समान लक्षणों का विवेचन कीजिए। **(6)**

**10.** 'एजेंट' तथा 'प्रधान' की परिभाषा कीजिए। अवयस्क क्या एजेंट हो सकता है ? **(6)**

### खण्ड – ग

**11.** "व्यापार और वाणिज्य करारों में यह माना जाता है कि संबंधित पक्षों का इरादा कानून संबंध स्थापित करना है"। टिप्पणी कीजिए । **(5)**

**12.** "तथ्यों के बारे में मौन रहना कपट नहीं है"। उदाहरण सहित स्पष्ट कीजिए । **(5)**

**13.** व्यापारिक एजेंट द्वारा गिरवी पर संक्षिप्त टिप्पणी लिखिए । **(5)**

**14.** विनिमय पत्र और हुण्डी की तुलना कीजिए । **(5)**

# अध्यापक जाँच सत्रीय कार्य

| | | |
|---|---|---|
| **पाठ्यक्रम का कोड** | : | **ई. सी. ओ. -07** |
| **पाठ्यक्रम का शीर्षक** | : | सांख्यिकी के तत्व |
| **सत्रीय कार्य का कोड** | : | **ई. सी. ओ. -07/टी. एम. ए./ 2025** |
| **खण्डों की संख्या** | : | **सभी खण्ड** |

**अधिकतम अंक : 100**

## सभी प्रश्नों के उत्तर दीजिए।

**1.** प्राथमिक और द्वितीयक आंकड़ो के बीच अंतर करे । प्राथमिक और द्वितीयक आंकड़ो को एकत्र करने के विभिन्न विधियों को समझाइए । **(20)**

**2.** क) निम्नलिखित आंकड़ों के समांतर माध्य की गणना कीजिए। **(10+10)**

| कुल विक्रय (हजारों में ) | विक्रयकर्ताओं की संख्या |
|---|---|
| 0-5 | 3 |
| 5-10 | 12 |
| 10-25 | 25 |
| 25-50 | 10 |

ख) निम्नलिखित आंकड़ो से आयत – चित्र तथा आवृति बहुभुज की रचना कीजिए :

| वर्ग | f |
|---|---|
| 10-20 | 10 |
| 20-30 | 20 |
| 30-40 | 30 |
| 40-50 | 25 |
| 50-60 | 10 |

**3.** क) निम्नलिखित आंकड़ों से कार्ल पीयर्सन का वैषम्य गुणांक ज्ञात कीजिए : **(10+10)**

| वर्ग | आवृति |
|---|---|
| 30-33 | 2 |
| 33-36 | 4 |
| 36-39 | 26 |
| 39-42 | 47 |
| 42-45 | 15 |
| 45-48 | 6 |

अतिरिक्त सूचनाएँ

क) समान्तर माध्य 40.11 है।

ख) मानक विचलन 2.96 है।

ग) भूयिष्ठक वर्ग 39-42 है।

ख) सुविधा प्रतिचयन तथा विवेक प्रतिचयन विधियों की संक्षिप्त व्याख्या कीजिए।

**4.** क) आंकड़ो के दृश्य प्रस्तुतीकरण के महत्व का वर्णन कीजिए। **(10+10)**

ख) व्यवसाय में सांख्यिकी के महत्व की चर्चा कीजिए।

**5.** निम्नलिखित पर संक्षिप्त टिप्पणीयाँ लिखिए : **(4X5)**

(क) सांख्यिकी सर्वेक्षण

(ख) अनुपातों का उपयोग

(ग) गुणोत्तर माध्य

(घ) प्रसरण

## अध्यापक जांच सत्रीय कार्य

| | | |
|---|---|---|
| **पाठ्यक्रम का कोड** | **:** | **बी. आर. एल. – 113** |
| **पाठ्यक्रम का शीर्षक** | **:** | **व्यावसायिक नैतिकता** |
| **सत्रीय कार्य का कोड** | **:** | **बी. आर. एल. – 113/टी. एम. ए./2025** |
| **खण्डों की संख्या** | **:** | **सभी खण्ड** |

**अधिकतम अंक : 100**

**सभी प्रश्नों के उत्तर दीजिए।**

**क) लघु उत्तर प्रकार के प्रश्न**

1. व्यावसायिक नैतिकता को परिभाषित करें ? व्यावसायिक नैतिकता के सिद्धांत क्या हैं ? (10)
2. नैतिक उत्पादन क्यों होना चाहिए ? उदाहरण सहित समझाइए। (10)
3. गतिशील मूल्य निर्धारण को परिभाषित करें। उस के लाभों और सीमाओं पर चर्चा करें। (10)
4. खुदरा विज्ञापन में सच्चाई और सटीकता उपभोक्ता विश्वाश और दीर्घकालिक ब्रांड प्रतिष्ठा में कैसे योगदान करती है ? (10)
5. "विक्रेताओं का उचित परिश्रम किसी भी व्यवसाय का एक महत्वपूर्ण और आवश्यक हिस्सा है"। विस्तृत विवेचना कीजिए। (10)
6. विविधता से क्या तात्पर्य है ? कार्यस्थल पर इसके महत्व पर प्रकाश डालें। (10)
7. ग्रीन खुदरा बिक्री की अवधारणा और किसी संगठन के लिए इसके फायदे की व्याख्या करें ? (10)

**ख) निबंध उत्तर प्रकार के प्रश्न**

8. ग्राहकों के साथ संबंधों को बढ़ावा देने में पारदर्शिता और ईमानदारी की भूमिका पर चर्चा करें। (15)
9. फुटकर उद्योग में व्यावसायिक खतरों की विभिन्न श्रेणियों को स्पष्ट कीजिए। (15)